मेहनत रंग लाई, जिला जेल की बदल गई तस्वीर

जेल के अंदर पाठशाला में मिल रहा ज्ञान

सिलाई का हुनर सीखकर बंदियों को मिल रहा रोजगार

नवभारत न्यूज,टीकमगढ़

जेलों में जहां कभी सिर्फ सजा की तस्वीर दिखाई देती थी वही टीकमगढ़ जिला जेल अब सुधार, शिक्षा और आत्मनिर्भरता की नई मिसाल बन चुका है। यहां के जेल अधीक्षक यजुवेंद्र वाघमारे की पहल से टीकमगढ़ जिला जेल अब अपनी नई पहचान बना चुका है। जिला अधीक्षक यजुवेंद्र वाघमारे जेल में बंदियों को घर जैसा बातावरण देने में लगे हुए है। अब जेल से निकलने के बाद केदी अपना नया जीवन यापन करेगें।

नवभारत समाचार पत्र की टीम ने जिला जेल पहुंचकर यहां कि सुविधा की हकीकत जानी और जेल अधीक्षक से यहा मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी का जायजा लिया। जिला जेल के अंदर नवभारत समाचार पत्र की टीम ने पहुंचकर देखा कि कैदियों को सिर्फ कैद नहीं, बल्कि एक नया जीवन जीने की सीख भी दी जा रही है। दरअसल कैदियों के लिए आधुनिक क्लास संचालित की जा रही है। इन कक्षाओं में कैदियों को गिनती, पहाड़ा और जोड़ घटाना सिखाया जा रहा है। इस क्लास में आधुनिक एलईडी के माध्यम से शिक्षा दी जा रही है. जेल में स्थित सरस्वी सदन पाठशाला के अंदर सभी वेदों की किताबों सहित सामान्य ज्ञान, राजनीति अन्य महापुरुषों की किताबें पढ़कर जेल में बंद कैदी अपने जीवन को बदलने में लगे हैं।

वहीं जिला जेल के अंदर बने सिलाई उद्योग में कैदी ही कैदियों को सिलाई करना सिखा रहा रहे है। यहां शासन द्वारा दी गई सिलाई मशीनों का सद्पयोग होता दिखाई दे रहा है। जहां सिलाई उद्योग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि जेल से बाहर निकलने के बाद बंदी अपने पैरों पर खड़े होकर सम्मानजनक जीवन जी सकें।

यहां इन सबके साथ टीकमगढ़ जेल के अंदर स्वास्थ से भी किसी तरह का कोई खिलवाड़ नहीं होता है. जेल के अस्पताल में किसी भी बंदी के बीमार पड़ने पर उसे तुरंत इलाज दिया जा रहा. अंत में नवभारत समाचार पत्र की टीम से जेल अधीक्षक यजुवेंद्र वाघमारे से बातचीत की. तो उन्होंने बताया कि जब वह इस जेल में आए थे तो मूलभूत सुविधाएं नहीं थी। फिर मैंने पूरे मन से प्रयास किया इस जेल की तस्वीर बदलने का काम किया. क्योंकि बहुत अच्छी जेल का प्रभारी बना हूं तो यही प्रयास था कि यहां कुछ अच्छा करना है। उसी सोच के साथ काम कर रहा हूं. हर बंदी के हम पालक हैं।

जेल अधीक्षक ने बताया अपना प्लान

नवभारत समाचार पत्र की टीम से जेल अधीक्षक यजुवेंद्र वाघमारे से बातचीत की. तो उन्होंने बताया कि जब वह इस जेल में आए थे तो मूलभूत सुविधाएं नहीं थी। फिर मैंने पूरे मन से प्रयास किया इस जेल की तस्वीर बदलने का काम किया. क्योंकि बहुत अच्छी जेल का प्रभारी बना हूं तो यही प्रयास था कि यहां कुछ अच्छा करना है। उसी सोच के साथ काम कर रहा हूं. हर बंदी के हम पालक हैं।

विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती प्रवीणा व्यास की अध्यक्षता में जिला जेल का निरीक्षण के साथ-साथ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

प्रवीणा व्यास प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित बंदीगण को उनके अधिकारों की जानकारी दी साथ ही प्लीवारगेनिंग योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई एवं बंदीगण से उनकी पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध है अथवा नहीं, के संबंध में जानकारी साथ ही अपील संबंधी जानकारी ली।

टीकमगढ़ जिले की डायरी

कप्तान की शिकायत हुए अटैच, उनके ही महकमे में खुशी की लहर

मध्यप्रदेश की धरती पर ऐसा पहली बार देखने को मिला है, जहां एक कप्तान के तबादले के बाद उनके ही महकमें में खुशी की लहर दौड़ पड़ी . दरअसल बीते दिनों मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान भाजपा के जतारा विधायक एवं जिला अध्यक्ष ने अपनी बात सीएम के सामने रखी थी कि जिले में अपराध का ग्राफ बढ़ रहा है, जनता बदमाशों से परेशान है, परन्तु कप्तान कुछ नहीं करते . इतना ही नहीं उनके रवैये से नाराज नेताओं ने सीएम से दूसरे कप्तान को भेजने की मांग की . सीएम ने बात को गंभीरता से लिया और फिर भोपाल पहुंचते ही दूसरे दिन टीकमगढ़ के कप्तान को शिकायतों के आधार पर भोपाल अटैच कर जिले को नया कप्तान दिया है . यह कप्तान श्योपुर जिले से टीकमगढ़ पहुंचेंगे और अब तक बिगड़ी कानून व्यवस्था को पटरी पर लाने का प्रयास करेंगे। इतना ही नहीं जनता, जनप्रतिनिधियों एवं मीडिया से अच्छे संबंध स्थापित करने का भी नए कप्तान को अब प्रयास करना पड़ेगा, क्योंकि यहां हालात पुराने कप्तान ने बड़े खराब कर रखे थे।

पहनी पहनाई माला पहनाने की थी तैयारी, सीएम हुए खफा

टीकमगढ़ में बीते दिनों मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान एक तस्वीर और चर्चा का विषय बन चुकी है . इसमें पहनी पहनाई फूलों की माला दुबारा पहनाने की तस्वीर सामने आई, जिसमें सीएम खफा होते दिखाई दे रहे हैं . वीडियो में जिले के एक संगठन पदाधिकारी दुबारा जब माला पहनाने पहुंचे तो मुख्यमंत्री ने उन्हें मना कर दिया . नेताजी का उद्देश्य सिर्फ उस माला पहनाकर फोटो खिंचवाने का था, लेकिन सीएम इस तरह का कार्य पसंद नहीं करते . वह फोटो पर कम अपने काम पर ध्यान ज्यादा देते हैं . नेताजी यह शायद भूल बैठे और वह एक बड़ी चूक कर गए . अब उनकी यह चूक भविष्य की राजनीति में बड़ा रोढ़ा पैदा न कर डाले . .

...आखिर में बात निजी स्कूलों की....

. . .आखिर में बात कर लेते हैं शहर के निजी स्कूलों की . . .इन स्कूलों के संचालकों से बच्चों के अभिभावक परेशान दिखाई दे रहे है, क्योंकि स्कूल संचालकों का आलम यह है कि उनके बताए अनुसार दुकानों से ही स्कूलों की किताबे खरीदनी पड़ रही है। दुकानदार किताबों के नाम पर मनमानी राशि बसूल कर रहे है। लोगों ने जिला कलेक्टर से इस ओर ध्यान देने का आग्रह किया है। जिससे इसमें सुधार हो सके और लोग ठगी से बच सके।

आमिर खान, दैनिक नवभारत

एसपी मंडलोई का तबादला, अग्रवाल संभालेंगे कमान

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। मध्य प्रदेश सरकार ने रविवार को भारतीय पुलिस सेवा के तीन अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए। आदेश के तहत टीकमगढ़ एसपी मनोहर सिंह मंडलोई को पुलिस मुख्यालय भोपाल में सहायक पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है।

उनकी जगह श्योपुर के एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल को टीकमगढ़ का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है, जबकि रीवा की 9वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल में सेनानी पद पर पदस्थ मोती उर रहमान को श्योपुर का एसपी बनाया गया है। गृह विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, वर्ष 2012 बैच के आईपीएस मनोहर सिंह मंडलोई को टीकमगढ़ एसपी के पद से हटाकर पुलिस मुख्यालय भोपाल में सहायक पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है।

मंडलोई अक्टूबर 2024 से टीकमगढ़ के एसपी के रूप में पदस्थ थे।वर्ष 2016 बैच के आईपीएस सुधीर कुमार अग्रवाल, जो अक्टूबर 2025 से श्योपुर के पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्यरत थे, अब टीकमगढ़ के नए एसपी होंगे।

वहीं वर्ष 2018 बैच के आईपीएस मोती उर रहमान को रीवा स्थित 9वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल के सेनानी पद से श्योपुर का पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। वे मई 2026 से 9वीं वाहिनी, रीवा में पदस्थ थे।

मात्रा अनुसार दें राशन

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

उचित मूल्य राशन दुकानों का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों तक समय पर और पूरी मात्रा में खाद्यान्न पहुंचाना है। इसके लिए सरकार ने राशन दुकान संचालकों के लिए कई स्पष्ट नियम बनाए हैं।

राशन दुकान पर संचालक को दुकान के बाहर दुकान का नाम, संचालक का नाम, खुलने और बंद होने का समय, उपलब्ध राशन का स्टॉक, प्रति यूनिट मिलने वाली सामग्री, मूल्य सूची तथा शिकायत हेल्पलाइन संबंधी जानकारी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करनी चाहिए। संचालक को प्रत्येक पात्र हितग्राही को निर्धारित मात्रा में राशन देना होगा।

फसलों का कराएं किसान बीमा पंजीयन

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। प्रधानमत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत खरीफ फसलों के लिये बीमा पंजीयन की शुरूआत हो गई है। उप संचालक किसान कल्याण तथा विकास अधिकारी मनोज कश्यप द्वारा बताया गया कि जिले में खरीफ 2026 मौसम के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा पंजीयन का कार्य प्रारम्भ हो गया है।

कृषि विभाग ने 31 जुलाई 2026 तक फसल बीमा माह मनाने का निर्णय लिया है। इस दौरान तहसील और ग्राम पंचायत स्तर पर किसानों को योजना की जानकारी देकर बीमा कराने के लिये प्रेरित किया जावेगा। इसके अंतर्गत फसलों का बीमा कराने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई है। इच्छुक कृषक उक्त तिथि से पूर्व अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा करा सकते है। खरीफमौसम में सभी अनाज दलहन, तिलहन फसलों हेतु बीमित राशि का मात्र 2 प्रतिशत प्रीमियम कृषकों के द्वारा देय है। शेष प्रीमियम राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जाता है। अधिसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित फसलें उगाने वाले बटाईदारों और कास्तकारों किसान अपनी फसलों का बीमा कबरेज प्राप्त करने हेतु पात्र है।

दिनभर आसमान में छाए रहे बादल

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। बादलों की गड़गड़ाहट के साथ जोरदार बारिश शुरू हो गई। पिछले सात दिनों से जारी सूखे के बाद हुई इस बारिश से स्थानीय लोगों को भीषण उमस भरी गर्मी से बड़ी राहत मिली है। रविवार को दिन भर आसमान में बादल छाए रहे।

वहीं, खेतों में सूख रही फसलों को भी इस बारिश से नया जीवनदान मिला है। पिछले 24 घंटों के दौरान औसतन 1.3 इंच बारिश दर्ज की गई। लगभग 40 मिनट तक हुई तेज बारिश से कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बनी।

आज संशोधन कराने की अंतिम तिथि

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। कार्यालय जिला कोषालय द्वारा जिले के समस्त आहरवण एवं संवितरण अधिकारियों डीडीओ को सूचित किया गया कि उनके कार्यालय से संबंधित जिन अधिकारियों और कर्मचारियों की एक जुलाई में वार्षिक वेतन वृद्धि लगाई जानी है, उनकी समस्त प्रविष्टि आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर में दर्ज करायें।

जारी निर्देशानुसार सभी आहरण, संवितरण अधिकारियों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को वेतन वृद्धि की संपूर्ण कार्यवाही आगामी 19 जुलाई तक आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर पर अनिवार्य रूप से पूर्ण करनी होगी। 20 जुलाई से वेतन देयक ऑटो जनरेट होकर यथास्थिति में हो जायेंगे, जिसके पश्चात वेतनवृद्धि संबंधित कोई भी संशोधन नहीं हो पायेगा।

जिले के समस्त आहरवण एवं संवितरण अधिकारियों डीडीओ को सूचित किया गया कि उनके कार्यालय से संबंधित जिन अधिकारियों और कर्मचारियों की एक जुलाई में वार्षिक वेतन वृद्धि लगाई जानी है।

जलग्रहण परियोजना के तहत कार्यक्रम

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड का 45वां स्थापना दिवस चरी - निवावरी एवं बखतपुरा जलग्रहण परियोजनाओं के अंतर्गत वृहद पौधरोपण कार्यक्रम के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया।

परियोजना प्रबंधक ने बताया कि नाबार्ड पिछले 44 वर्षों से ग्रामीण विकास, जल संरक्षण, कृषि उन्नयन और स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है।

मौसम के लिहाज से करें खेती

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। जिले में प्री-मानसून लगभग 15-जून के आसपास आ जाना चाहिए था और 25-जून से जुलाई के प्रथम सप्ताह तक जिले में मानसून का पूरी तरह आगमन हो जाता है मगर अभी तक ऐसी मौसम की स्थिति दिख नहीं रही है।

ऐसी स्थिति को देखते हुए कृषि विज्ञान केंद्र, के वैज्ञानिकों डॉ. बीएस किरार, डॉ. आरके प्रजापति और जयपाल छिगारहा द्वारा कृषकों को जलवायु परिवर्तन की स्थिति एवं मौसम की अनिश्चितता के बीच समुत्थानुशील कृषि तकनीकियों पर सलाह है कि प्रारंभिक मौसम में वर्षा बिलम्ब से शुरुआत होने पर कम वर्षा की स्थिति को पहचाने और कितने दिन मौसम में देरी से आने में है उस अनुसार खरीफमें बुवाई करें जैसे 1-15 जुलाई तक किसान भाई सोयाबीन उर्द मूंगफली और तिल की जलवायु के प्रति सहनशील किस्मों की बुवाई कर सकते है। मानसून की अनिश्चितता और कम वर्षा ऐसी स्थिति में पारंपरिक तरीकों के बजाय वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर ही करें।

गला दबाकर हत्या के मामले का हुआ खुलासा

नवभारत न्यूज

पलेरा। थाना पलेरा क्षेत्र के बन्नेबुजुर्ग गांव में 20 दिन की मासूम बच्ची की गला दबाकर हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला को घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

पुलिस द्वारा महिला संबंधी गंभीर अपराधों के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में पलेरा पुलिस ने यह कार्रवाई की।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रीति भार्गव, एफएसएल अधिकारी प्रदीप यादव, उपनिरीक्षक एनडी कोंदर, उपनिरीक्षक संतोष सिंह, सहायक उपनिरीक्षक फूलचन्द्र सहित थाना पलेरा के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही।

आज होगी टीएल की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

जिले के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में टीएल की बैठक आहूत की जाएगी। जिसमें अधिकारियों को द्वारा आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।

प्रत्येक सोमवार की तरह आज सोमवार को प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक का आयोजन किया जएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर करेंगे। बैठक में विकास कार्यो की समीक्षा होगी।

मेला में पात्र युवाओं का होगा चयन

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। मुख्यालय पर बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन टीकमगढ़ के सहयोग से छतरपुर रोड स्थित शासकीय आईटीआई में 23 जुलाई को सुबह11 बजे से युवा संगम, रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार यह आयोजन किया जाएगा।

रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों पर रोजगार प्रदान किये जाने हेतु साक्षात्कार लिये जायेंगे। युवा संगम, रोजगार मेले में जिले के समस्त वेरोजगार युवा अपने समस्त प्रमाण पत्रों, समग्र आईडी सहित उपस्थित होकर देश-प्रदेश की जानी मानी निजी कम्पनियों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन टीकमगढ़ के सहयोग से छतरपुर रोड स्थित शासकीय आईटीआई में 23 जुलाई को सुबह11 बजे से युवा संगम, रोजगार मेले का आयोजन होगा।

चोरों ने नगदी सहित जेवरात पर किया हाथ साफ

नवभारत न्यूज

खरगापुर। शनिवार की देर रात जिले के खरगापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नौरपारा गांव में टीकाराम यादव के घर देर रात चोरों ने एक बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम देकर क्षेत्र में सनसनी फैला दी। बदमाशों ने मकान के पांच ताले तोड़कर घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण और लाखों रुपये की नगदी चोरी कर ली।

परिजनों के अनुसार, घटना रात्रि करीब 12 बजे से 1 बजे के बीच हुई। उनका कहना है कि चोर करीब 15 से 20 लाख रुपये की संपत्ति लेकर फरार हो गए।घटना की सूचना मिलते ही खरगापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिले के कई थानों की पुलिस टीमें भी घटनास्थल पर पहुंच गईं। वहीं एसडीओपी भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साक्ष्य जुटाने के लिए डॉग स्क्वॉड टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की।

दवा छिड़काव की मांग

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर में भले ही स्वच्छता के नाम पर नगर पालिका ढिंढौरा पीट रही हो, परन्तु नगर के कई स्थानों की नालियों में मच्छर पनप रहे है। लोंगों ने नालियों में कीटनाशक दवा छिड़काव करने की मांग की है।

चयन पलेरा नगर की दो जुड़वां बहनों ने पाई सफलता

अंशिता-अंशिका का नीट में चयन, बुन्देलखंड का बढ़ाया मान

नवभारत न्यूज

पलेरा। जिले के छोटे से नगर पलेरा से बेटियों की मेहनत, अटूट लगन और संकल्प की एक ऐसी गौरवशाली कहानी सामने आई है, जिसने पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित कर दिया है। यहां की होनहार जुड़वां बहनों अंशिता पाण्डेय और अंशिका पाण्डेय ने देश की सबसे प्रतिष्ठित मेडिकल प्रवेश परीक्षा 2026 में एक साथ सफलता का परचम लहराया है। दोनों बहनों के इस दोहरे धमाके ने न सिर्फ उनके परिवार में खुशियों का माहौल ला दिया है, बल्कि पूरे जिले का मान राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया है। एक साथ बचपन, एक साथ पढ़ाई और अब एक साथ डॉक्टर बनने का सफरअंशिता और अंशिका की यह सफलता इस मायने में बेहद खास है कि दोनों बचपन से ही हर कदम पर एक साथ रही हैं। दोनों ने एक साथ पढ़ाई की, एक जैसी दिनचर्या अपनाई और जब जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य सामने आया, तो उसकी तैयारी भी मिलकर की।

दोनों बहनों ने बिना विचलित हुए कड़े अनुशासन, दिन-रात की मेहनत और आपसी सहयोग के दम पर इस कठिन परीक्षा को पास किया। आज दोनों ने एक साथ डॉक्टर बनने की दिशा में अपना पहला और सबसे मजबूत कदम बढ़ा दिया है।

शिक्षा का मजबूत आधार और पारिवारिक पृष्ठभूमि पलेरा नगर के एक संभ्रांत और शिक्षा से जुड़े प्रतिष्ठित परिवार में जन्मीं दोनों बहनें स्व. केपी त्रिपाठी पूर्व प्राचार्य एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी की नातिन हैं। शिक्षाविद् दादा-नाना के संस्कारों का ही असर है कि दोनों ने शिक्षा के क्षेत्र में यह मुकाम हासिल किया।माता-पिता का संबल इनकी माता श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय पेशे से एक समर्पित शिक्षिका हैं, जबकि पिता हरिओम पाण्डेय प्रयागराज में अलौकिक फार्मेसी के संचालक हैं। माता-पिता ने बेटियों की प्रतिभा को पहचानकर उन्हें हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

बधाई देने वालों में इनके नाम शामिल

बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से पारिवारिक एवं वरिष्ठ सदस्य श्रीमती भगवती देवी, पीआर शुक्ला, केके त्रिपाठी, डॉ. विपुल शुक्ला, डॉ. वैभव शुक्ला, देवांश पाण्डेय, दर्शन त्रिपाठी, आरडी पाठक, कुंज बिहारी त्रिपाठी, प्रेम नारायण मिश्रा, देवेंद्र कुमार तिवारी, हरिशंकर गंगेले, बीएल गुप्ता, आत्माराम दीक्षित, श्यामा चरण मिश्रा, आनंद कुमार शामिल रहे।

संस्था स्तर पर प्रवेश की प्रक्रिया जारी

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, टीकमगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग की संस्था स्तर पर काउंसिलिंग प्रवेश की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी 4 जुलाई से 12 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन एवं पंजीयन निरस्तीकरण की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

महाविद्यालय में वर्तमान में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग जैसे रोजगारोन्मुखी डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित हैं। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान, प्रायोगिक प्रशिक्षण तथा उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप कौशल विकास का अवसर प्रदान किया जाता है। महाविद्यालय में अनुभवी संकाय सदस्य, आधुनिक प्रयोगशालाएँ, कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय, इंटरनेट सुविधा तथा उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध है। साथ ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु तकनीकी, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों का नियमित आयोजन भी किया जाता है।